इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, बुधवार, 11 नवम्बर 2026

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

वर्ष 19 अंक 68 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

तापमान - अधिकतम 31.0°C (+0.8) न्यूनतम 17.0°C(+2.4) सेंसेक्स 81,106.65 (+107.25) निफ्टी 25,044.65 (+58.25) सोना 1,42,480 चांदी 2,05,000 मुद्रा - डालर 93.93 दिरहम 25.55 रियाल 25.02

एराज़ मेडिकल कॉलेज में छह दिवसीय इग्नाइट-2026 का समापन

खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया दम

लखनऊ (सं)। एराज मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित छह दिवसीय वार्षिक उत्सव इग्नाइट-2026 का गुरुवार को खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन हुआ। 31 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक आयोजित इस उत्सव में एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने क्रिकेट, फुटबॉल, थ्रोबॉल, खो-खो, फुटसल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डांस, नुक्कड़ नाटक, क्विज, पेंटिंग, फैशन शो, थिएटर, कविता, शायरी और गायन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

उत्सव के अंतिम दिन बालक एवं बालिका वर्ग की क्रिकेट, फुटबॉल और थ्रोबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रोफेसर एवं स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. रणवेंद्र सिंह की देखरेख में हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक- बालिका वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिताओं के फाइनल में सफायर ने फोनिक्स को हराकर दोहरे खिताब पर कब्जा किया। थ्रोबॉल के फाइनल में भी सफायर ने फोनिक्स को शिकस्त देकर जीत दर्ज की। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में मोनिस ने 100 और 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। 100 मीटर दौड़ में आफिक दूसरे और आकिफ तीसरे स्थान पर रहेए जबकि 200 मीटर में शामिल दूसरे और इमाद तीसरे स्थान पर रहे। बालक वर्ग की रिले दौड़ में मोनिसए सरताजए अंकुर और सुहैल की टीम विजेता बनी।



मिक्सित रिले में मोनिस, सरताज, ऋषिका और शिवानी ने स्वर्ण पदक जीता। भाला फेंक के बालक वर्ग में सुहैल और बालिका वर्ग में शिवानी ने पहला स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो में बालक वर्ग में मुख्तार और बालिका वर्ग में अनुका विजेता बनीं। जैवलिन थ्रो के बालक वर्ग में सुहैल ने 59 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीताए जबकि जाकर दूसरे और ऋतिक तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में शिवानी ने पहला स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सरताज ने स्वर्ण पदक हासिल किया। शॉट पुट के बालक वर्ग में सफायर के आसिम बॉस और बालिका वर्ग में शिवानी ने पहला स्थान प्राप्त किया। अन्य खेल प्रतियोगिताओं में सफायर ने खो-खो के फाइनल में फोनिक्स को हराकर खिताब जीता। फुटसल में फोनिक्स ने सफायर को पराजित किया जबकि वॉलीबॉल में अल्फा ने सफायर को हराकर जीत दर्ज की। क्रिकेट में पीजी की टीम ने इथोक को पराजित किया। बास्केटबॉल के बालक वर्ग के फाइनल में अल्फा और सफायर के बीच मुकाबला हुआ।

सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी दिखा हुनर : तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों ने एकल एवं युगल नृत्य, मेहंदी, स्केचिंग, वॉल पेंटिंग, फेस पेंटिंग, डिजिटल पेंटिंग, कैनवास पेंटिंग, कैरिकेचर, रंगोली, क्विज, ट्रेजर हंट और फैशन शो जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। एकल नृत्य में सफायर की आकांक्षा प्रथम, उत्कर्ष द्वितीय और इथोक की शैली तृतीय स्थान पर रहीं। युगल नृत्य में सफायर की श्रीजया और हिबा की जोड़ी विजेता बनी। नुक्कड़ नाटक में फोनिक्स ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि क्विज में सफायर विजेता रही। डिजिटल पेंटिंग में